Roll No. ..................................

# DD–651

## M. A. (Fourth Semester)

## EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Fifth

(हिन्दी आलोचना तथा समीक्षाशास्त्र)

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 80*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के समक्ष अंक दर्शाए गए हैं।

1. अस्तित्ववादी साहित्य चिंतन पर प्रकाश डालते हुए उसके महत्व और सीमाओं को उद्घाटित कीजिए। 15

अथवा

स्वच्छन्दतावाद की पृष्ठभूमि को स्पष्ट करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2. आचार्य नंददुलारे वाजपेयी की आलोचनात्मक विशिष्टताओं का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 15

अथवा

हिन्दी आलोचना में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के महत्व पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।

3. हिन्दी की शास्त्रीय आलोचना पर विचार कीजिए। 15

अथवा

सौन्दर्यशास्त्रीय आलोचना को स्पष्ट करते हुए हिन्दी आलोचना में उसके प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए।

4. निम्नलिखित काव्यांश की स्वविवेक के अनुसार व्याख्या कीजिए : 15

"उधर मेरे अपने लोग
बेघर बेदाना बेपानी बिना काम मेरे लोग
चिंदियों की तरह उड़े चले जा रहे हर ढौर
अपने देश की हवा में।
फिलहाल श्रवण सीमा से आगे इसीलिए अश्रव्य है
उनका क्षुब्ध हाहाकार
घनीभूत और सुसंगठित होनी है उनकी वेदना अभी
सुरती ढोकता हुआ कर रहा हूँ मैं
प्रागैतिहासिक रात के बीतने का इंतजार।"

अथवा

नये गुलाम इतने मज़े में दिखते हैं
कि उन्हें किसी दुःख के बारे में बताना कठिन लगता है
और वे संघर्ष जिनके बारे में सोचा गया था कि खत्म हो चुके हैं
फिर से वहीं चले आते हैं जहाँ से शुरू हुए थे................
और यह भी तय है कि इस बार लड़ना ज्यादा कठिन है
क्योंकि ज़्यादातर लोग अपने को जीता हुआ मानते हैं और हँसते हैं
हर बार कुछ छिपाते हुए लगते हैं
कोई हादसा जिसे बार-बार अनदेखा किया जाता है
उसकी एक बची हुई चीख जो हमेशा अनसुनी छोड़ दी जाती है।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए : 10

(i) फ्रायड के अवचेतन मन की स्थापना क्या है ?

(ii) कार्ल मार्क्स का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iii) संरचनावाद क्या है ?

(iv) लक्षण काव्यपरंपरा की कुछ प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(v) रामविलास शर्मा की किसी एक आलोचनात्मक पुस्तक का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(vi) ऐतिहासिक आलोचना क्या है ?

(vii) उत्तर-आधुनिकता क्या है ?

6. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर लिखिए : 10

(i) क्रोचे का सम्बन्ध आलोचना के किस सिद्धान्त से है ?

(ii) किसी एक उत्तरआधुनिकतावादी विचारक का नाम लिखिए।

(iii) क्रिस्टोफर कॉडवेल का सम्बन्ध आलोचना के किस वाद से है ?

(iv) 'चिन्तामणि' किस आलोचक के निबन्धों का संग्रह है ?

(v) 'नया साहित्य : नये प्रश्न' के लेखक कौन हैं ?

(vi) 'प्रेमचन्द और उनका युग' किसकी आलोचनात्मक पुस्तक है ?

(vii) 'कविकुलकल्पतरु' और 'काव्यप्रकाश' किस कवि की रचनाएँ हैं ?

(viii) 'ललित ललाम' नामक अलंकार ग्रन्थ की रचना किसने की ?

(ix) कुमार विमल का सम्बन्ध हिन्दी आलोचना की किस प्रवृत्ति से है ?

(x) ऐतिहासिक आलोचना से जुड़े किसी एक आलोचक का नाम लिखिए।

(xi) ज्याँ पाल सार्त्र का सम्बन्ध किस वाद से है ?

(xii) हिन्दी की मार्क्सवादी आलोचना से जुड़े किसी एक आलोचक का नाम लिखिए।

(xiii) वर्ड्सवर्थ और कॉलरिज का सम्बन्ध किस वाद से है ?

(xiv) 'रस सिद्धान्त' एवं 'नयी समीक्षा : नये संदर्भ' शीर्षक आलोचनात्मक ग्रन्थ के लेखक का नाम लिखिए।

(xv) 'नयी कविता का आत्म-संघर्ष' तथा 'नये साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र' के लेखक कौन हैं ?